Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Cancer Treatment Institute in Gorakhpur, Uttar Pradesh-laid.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मैं अपने संसदीय क्षेत्र गोरखपुर के अलावा आसपास के 20 जिलों की गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं । केन्द्र सरकार तथा उ0प्र0 सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतर्पूव प्रयासों के कारण आम जनमानस को काफी सहूलियत प्राप्त हो रही है । मैं इसके लिए परम श्रद्धेय प्रधानमंत्री जी व उ0प्र0 के परम श्रद्धेय मुख्यमंत्री जी तथा केन्द्रीय माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र तथा पूर्वांचल के अन्य जिलों में कैंसर रोगियों की संख्या में वृद्धिकी ओर दिलाना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर के आस पास के 20 जिलों में कैंसर रोग का प्रकोप विगत के सालों में बड़ी तेजी से फैला है । ये एक जानलेवा बीमारी है जिसका समय पर जांच व उपचार न होने के कारण मरीज की मौत हो जाती है, स्थानीय स्तर पर जांच और आधुनिक उपचार की अत्यंत आवश्यकता है ।

अतः मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि गोरखपुर में केन्द्रीय सहायता से एक कैंसर सस्थान की स्थापना की जायेजिससे यहां के रोगियों को जांच व उपचार हेतु दिल्ली, मुम्बई अथवा अन्य शहरों में न जाना पड़े ।